राष्ट्रीय समाचार पत्र

जनोदय पंच

बेखौफ, बेधड़क सच

डिजीटल संस्करण

RNI No. MPHIN/25/A2500

www.janodaypunch.com

भोपाल, इंदौर, उज्जैन, खंडवा, बुरहानपुर, बड़वानी, धार, खरगोन से प्रसारित

इंदौर-बड़वानी से प्रकाशित | मंगलवार, 24 फरवरी 2026 | कीमत : 1 रुपए

अफवाहों के बीच 'नो पार्किंग' पोस्टर लगा रहे 5 संदिग्ध पकड़े, घरों की फोटो खींचने पर बढ़ा संदेह

स्थानीय लोगों की सूचना पर देर रात भोजनालय से पकड़े गए, मामले की विस्तृत जांच की मांग



रमन बोरखड़े, बड़वानी

सेंधवा में सोमवार को घरों के बाहर 'नो पार्किंग' के पोस्टर लगाने और तस्वीरें खींचने के दौरान चार युवक और एक युवती को संदिग्ध परिस्थितियों में पकड़ा गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने सभी को थाने लाकर पूछताछ शुरू की। देर रात तीन को छोड़ा गया।

जानकारी के अनुसार चार युवक और एक युवती राम कटोरा नाले पार सहित शहर के अन्य क्षेत्रों में घरों के बाहर 'नो पार्किंग' के पोस्टर लगा रहे थे तथा मकानों की तस्वीरें खींच रहे थे। स्थानीय लोगों द्वारा पूछताछ किए जाने पर वे संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए और मौके से भाग निकले। जिस कंपनी के लिए काम करने का दावा किया गया, उसके संबंध में भी स्पष्ट जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई।

जांच की मांग की

नगर पालिका उपाध्यक्ष मोहन जोशी ने बताया कि संबंधित लोग बिना अनुमति पोस्टर लगा रहे थे और घरों की तस्वीरें ले रहे थे। लोगों द्वारा जानकारी मांगने पर वे जवाब नहीं दे सके और फरार हो गए। दिनभर तलाश के बाद देर रात एक भोजनालय पर उनकी जानकारी मिलने पर लोगों और पुलिस की मदद से उन्हें पकड़कर थाने लाया गया। मोहन जोशी ने थाना प्रभारी से पोस्टर लगाने और तस्वीरें लेने के उद्देश्य की विस्तृत जांच की मांग की है, ताकि शहर में शांति व्यवस्था बनी रहे।

पुलिस ने शुरू की पूछताछ

शहर थाना पुलिस के अनुसार पांच लोगों को थाने लाया गया था। देर रात एक युवती और दो युवकों को छोड़ दिया गया, जबकि दो युवक अभी थाने में हैं। मंगलवार को सभी को पुनः बुलाकर पूछताछ की जाएगी और मामले की आगे जांच की जाएगी। पुलिस के अनुसार अब तक उनके पास से कोई संदिग्ध वस्तु या आपत्तिजनक सामग्री प्राप्त नहीं हुई है।



सेंधवा में भोंगर्या हाट की तैयारी तेज, धनोरा में शांति समिति की बैठक संपन्न

जनोदय पंच। सेंधवा।

सेंधवा विधानसभा क्षेत्र के धनोरा में भोंगर्या हाट को लेकर पुलिस प्रशासन ने शांति समिति और ग्राम रक्षा समिति की बैठक आयोजित की। बैठक में सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में विस्तृत निर्देश दिए गए।

भोंगर्या हाट, होली, रमजान और ईद को दृष्टिगत रखते हुए सेंधवा ग्रामीण थाना पुलिस ने धनोरा में बैठक आयोजित की। ग्रामीण थाना प्रभारी ओपी चौंगड़े ने सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था पर चर्चा की। निर्णय लिया गया कि हाट के दिन गांव के सभी प्रवेश मार्गों पर बाहरी क्षेत्र में बैरिकेडिंग की जाएगी। दोपहर 12 बजे के बाद सामान्य वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। केवल सुरक्षा में लगे वाहन और इमरजेंसी सेवाओं को छूट दी जाएगी। ग्राम पंचायत द्वारा दो दिन पूर्व से हाट स्थल पर दुकानों के लिए चूने से लाइनिंग की गई है। दुकानों को निर्धारित स्थान पर सड़क से अंदर लगाना अनिवार्य रहेगा। सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस बल के साथ ग्राम रक्षा समिति और वालेंटियर्स तैनात रहेंगे। झूला स्थल पर पुलिस की अस्थायी चौकी बनाई जाएगी।

हुड़दंग और छेड़छाड़ पर सख्ती

थाना प्रभारी ओपी चौंगड़े ने हुड़दंग या छेड़छाड़ जैसी किसी भी घटना की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। उन्होंने सभी से भोंगर्या हाट एवं होली का पर्व आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने का आग्रह किया। बैठक के बाद पुलिस टीम ने हाट में लगने वाले झूलों का निरीक्षण किया। झूला संचालकों को निर्देश दिए गए कि तकनीकी जांच के बाद ही संचालन करें, सीसीटीवी कैमरे लगाएं, क्षमता से अधिक लोगों को न बैठाएं तथा प्रवेश और निकासी के लिए अलग रास्ते बनाने के निर्देश दिए गए।

साइबर अपराधों को लेकर जागरूकता

ओपी चौंगड़े ने बताया कि बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं को अश्लील कंटेंट, बैंक अधिकारी या पुलिस का डर दिखाकर तथा 'डिजिटल अरेस्ट' की धमकी देकर ठगी की जा रही है। किसी भी अंजान लिंक पर क्लिक न करें और संदिग्ध एप डाउनलोड न करें। बैठक में चौकी प्रभारी केशव यादव, एएसआई राकेश मंडलोई, आरक्षक पंकज पुरोहित, नीरज, सरपंच प्रतिनिधि जगन मेहता सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

